आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 26.12.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार:

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का किया उद्घाटन ।
- गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज ग्वालियर में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों की सौगात दी।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज रीवा में कृषक सम्मेलन में हुए शामिल ।
- प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है क्रिसमस का पर्व; गिरजाघरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़।

प्रधानमंत्री- लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि पिछले 11 सालों से उनकी सरकार समाज के हर नागरिक के कल्याण के लिए कड़ी मेहनत कर रही है और बिना किसी भेदभाव के उन्हें सभी योजनाओं का लाभ दे रही है। यह उचित शासन और सच्ची धर्मनिरपेक्षता का परिचायक है। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ में एक जनसभा में यह बात कही। उन्होंने लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। इस स्थल को स्वतंत्र भारत की महान हस्तियों की विरासत का सम्मान करने के लिए बनाया गया है।

अभ्युदय समिट

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। राज्य सरकार के अनुसार, इन परियोजनाओं से प्रदेश में लाखों लोगों के लिए रोज़गार और आय के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी और मध्यप्रदेश सरकार के कार्यों की सराहना की।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एग्रीकल्चर, फूड प्रोसेसिंग, मिनरल्स, रिन्यूएबल एनर्जी, लॉजिस्टिक्स, टेक्सटाइल, फार्मा, आईटी और टूरिज्म जैसे क्षेत्रों में निवेश को प्रभावी रूप से बढ़ावा दिया है।

कृषक सम्मेलन

रीवा में आयोजित प्राकृतिक खेती पर कृषक सम्मेलन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि देशभर में अब तक लगभग 40 लाख किसान प्राकृतिक खेती अपना चुके हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं अपने खेत में प्राकृतिक खेती का प्रयोग किया है और इससे उत्पादन में वृद्धि देखी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बसामन मामा गौवंश प्रोजेक्ट का अवलोकन करते हुए कहा कि यह मॉडल छोटे किसानों के लिए मार्गदर्शक है, जहां गाय के गोबर से प्राकृतिक खेती की पूरी श्रृंखला विकसित की गई है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती से किसानों की आय बढ़ती है, पानी की बचत होती है और रासायनिक उर्वरकों से होने वाली बीमारियों से मुक्ति मिलती है, जिससे किसानों के साथ-साथ पूरे समाज को लाभ होता है। इस दौरान प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाने पर जोर दिया।

राष्ट्रपति -राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को इसके लिए चुना गया है। इन्होंने वीरता, खेल और सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं। मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं को संबोधित करेंगे।

बाल दिवस

प्रदेश के स्कूलों में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने स्कूल के बच्चों से इस दिन होने वाली गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह द्वारा दिये गये सर्वोच्च बलिदान के संबंध में प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है।

राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सत्य बोलना और धर्म का पालन करना ही व्यक्ति की वास्तविक पूँजी है। वे आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित

कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी का राष्ट्रप्रेम और हिन्दी के प्रति समर्पण हिन्दी भाषा के गौरव का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज और राष्ट्र सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को उपाधियां और पदक प्रदान किए गए तथा विश्वविद्यालय की प्रगति से जुड़े प्रकाशनों का लोकार्पण भी किया गया।

क्रिसमस

प्रदेश में आज क्रिसमस पर्व पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इंदौर, भोपाल, उज्जैन और ग्वालियर सहित प्रदेशभर के गिरजाघरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बीते कल रात 12 बजे प्रभु यीशु के जन्मोत्सव के साथ विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। घास-फूस से बनी झोपड़ी में माता मरियम की गोद में बैठे बालक यीशु की छवि आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। लोग इन सुंदर दृश्यों के साथ सेल्फी लेने के लिए उत्साहित नजर आए। गिरजाघरों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया, वहीं चर्च परिसरों और घरों में बनी चरनियां और झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं।

मौसम

प्रदेश में कोहरे से कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन सर्दी का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री से नीचे पहुंच गया है, जबकि शहडोल का कल्याणपुर दूसरा सबसे ठंडा क्षेत्र रहा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में ठंड और तेज होने की संभावना है और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की और गिरावट आ सकती है।

संक्षिप्त समाचार

- राजगढ़ में विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर ग्राम सरेड़ी में उपभोक्ता अधिकारों एवं कर्तव्यों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- बैतूल संभागायुक्त की अध्यक्षता में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए dy कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।
- सामान्य वनमंडल नीमच के परिक्षेत्र रतनगढ़ में द्वितीय अनुभूति शिविर कल सबरेंज ताल की बीट अंबा के कक्ष क्रमांक 209 में आयोजित किया गया।

- महिला क्रिकेट में भारत और श्रीलंका के बीच तीसरा टी-ट्वेंटी मुकाबला कल शाम सात बजे से तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। दूसरे मैच में भारत ने श्रीलंका को सात विकेट से हराया था। पांच मैचों की श्रृंखला में भारत दो-शून्य से आगे है।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का किया उद्घाटन ।
- गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज ग्वालियर में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों की सौगात दी।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज रीवा में कृषक सम्मेलन में हुए शामिल ।
- प्रदेशभर  में धूमधाम से मनाया जा रहा है क्रिसमस का पर्व; गिरजाघरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़।

--------------------